# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / 1908
दिनांक : 14/8/2025

## प्रेस विज्ञप्ति

**विषय : बी0एड पाठ्यक्रम की छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में।**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **जिन छात्रों द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम में सत्र 2022–24, 2023–25 एवं बी0एड0 प्रथम वर्ष सत्र 2024–26 में प्रवेश लिया गया है और उनकी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणोंवश छूट गई है और कालबाधित नहीं है, की छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है।** उक्त श्रेणी में आने वाले सभी छात्र / छात्रायें विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर **लिंक** https://annual.ccsuniversityweb.in/ के माध्यम से छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क प्रतिवर्ष रू0 1500 / – है। यदि किसी छात्र / छात्रा को ऑनलाइन आवेदन किये जाने में कोई समस्या होती है तो **हेल्प लाईन नम्बर– 9259089085 तथा 8077113737** पर सम्पर्क स्थाति कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते है।

2. चूंकि बी0एड पाठयकमों के परीक्षाओं का संचालन नियामक संस्था एन0सी0टी0ई0 द्वारा निर्धारित नियमों के अन्तर्गत किया जाता है। अतः सत्र 2022–24 से पूर्व के प्रवेशित छात्र / छात्रायें कालबाधित की श्रेणी में आने के कारण प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नहीं है।

3. छात्र / छात्राओं द्वारा ऑनलाईन भरे गये फार्म की हार्ड कॉपी व सम्बन्धित वर्ष की स्व प्रमाणित अंकतालिका की छायाप्रति अथवा उस वर्ष के प्रवेश–पत्र की छायाप्रति संलग्न कर गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर जमा करना अनिवार्य होगा।

**4. ऑनलाईन आवेदन किये जाने की अन्तिम तिथि 20.08.2025 समय 01:00 बजे तक है और हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा किये जाने की अन्तिम तिथि 20.08.2025 समय सांय 05:00 बजे है। उक्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा दिनांक 22.08.2025 व 23.08.2025 को सम्पन्न करायी जायेगी।**

5. उक्त नियत तिथि के पश्चात किसी भी छात्र / छात्रा का आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। तत्पश्चात् उक्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे। जिसकी सूचना पृथक से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://www.ccsuniversity.ac.in/ पर अपलोड की जायेगी। छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के केन्द्र से अवगत होने हेतु छात्रों से अपेक्षा है कि उक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

6. यह भी सूच्य है कि उक्त सत्रों की बी0एड0 की छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई अवसर किसी भी दशा में प्रदान नही किया जायेगा।

**नोट – बी0एड0 की छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा दिनांक 22.08.2025 व 23.08.2025 को सम्पन्न करायी जायेगी तथा केन्द्र की सूचना परीक्षा तिथि से पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कर दी जायेगी।**

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. संकायाध्यक्ष, शिक्षा चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या को इस आशय के साथ प्रेषित कि व्यापक स्तर पर छात्र / छात्राओं के सूचित करना सुनिश्चित करें।
4. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक को कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक व महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रभारी, वेबसाईट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
7. मैसर्स सार इन्फोसिस्टम प्रा0लि0 को इस निदेश के साथ प्रेषित कि उक्त छात्र / छात्राओं को ऑनलाईन आवेदन किये जाने हेतु निर्बाध सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें और यदि किसी छात्र / छात्रा को कोई समस्या आती है तो उसका निराकरण करना सुनिश्चित करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet//Office Pad/1465